# UDISE+ रिपोर्ट 2023-24

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

शिक्षा के लिये एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली (UDISE) + रिपोर्ट **भारत के** स्कूल नामांकन **में उल्लेखनीय गिरावट** दर्शाती है, जो संशोधित डेटा संग्रह विधियों से जुड़ी है।

- **मुख्य निष्कर्ष:**
  - **नामांकन में गिरावट:** नामांकन **26.36 करोड़** (2018-2022 औसत) से घटकर वर्ष 2022-23 में **25.17 करोड़** और **वर्ष 2023-24 में 24.8 करोड़** हो गया, अर्थात **1.55 करोड़** छात्रों की गिरावट हुई ।
    - **सरकारी** स्कूल में नामांकन में **5.59% की गिरावट आई,** तथा **निजी** स्कूल में नामांकन की दर में **3.67%** की कमी दर्ज की गई।
  - **लैंगिक प्रवृत्ति:** वर्ष 2018-19 से वर्ष 2021-22 के औसत की तुलना में **लड़कों के नामांकन में 6.04%** और **लड़कियों के नामांकन में 5.76%** की कमी दर्ज की गई।
  - **राज्यवार गिरावट:** सबसे ज्यादा गिरावट **बिहार (35.65 लाख), उत्तर प्रदेश (28.26 लाख)** और **महाराष्ट्र (18.55 लाख)** में दर्ज की गई।
  - **स्तरवार रुझान: प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर** पर गिरावट देखी गई।
    - **पूर्व-प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों** में नामांकन वर्ष 2023-24 में पिछले औसत की तुलना में बढ़ गया।
- **डेटा सटीकता में सुधार:** आधार से जुड़े छात्र रिकॉर्डों से डुप्लिकेट रिकॉर्डों को हटाकर डेटा की सटीकता में सुधार हुआ, जिसमें सरकारी और निजी दोनों स्कूलों में नामांकित छात्र शामिल हैं।
- **UDISE+ के बारे में:** यह **शिक्षा मंत्रालय** द्वारा **सबसे बड़ी प्रबंधन सूचना प्रणालियों** में से एक है, जिसमें 14.72 लाख स्कूल, 98.08 लाख शिक्षक और 24.8 करोड़ बच्चे शामिल हैं।

**और पढ़ें:** UDISE प्लस रिपोर्ट, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्मार्ट क्लासरूम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udise-report-2023-24